






# वाहनों को सड़क पर खड़ा करने वालों पर जुर्माने की कार्यवाही करें : पाल

## सड़क हादसों को रोकने प्रशासन ने बैठक में बनाई रणनीति, बारिश समाप्त होते ही सड़कों में सुधार का कार्य शुरू करें

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 अगस्त, कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सड़क दुर्घटनाएं रोकने तथा सड़कों के निर्माण कार्य की समीक्षा की. कलेक्टर ने कहा कि सड़क निर्माण से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी जिले के सड़क नेटवर्क की जानकारी ई डॉर पोर्टल पर दर्ज करा दें.**



पोर्टल में दुर्घटना के संबंध में एलर्ट आने पर सड़क संबंधी जानकारी तत्काल दर्ज करें. सड़क निर्माण से जुड़े सभी अधिकारी बारिश समाप्त होते ही सड़कों में सुधार का कार्य शुरू करा दें. इसके लिए टेण्डर तथा अन्य कार्यवाहियाँ समय पर कर लें. ओवरब्रिज एवं पुलों में भी मेंटीनेंस का कार्य नियमित रूप से करें. सड़क निर्माण से जुड़े भू अर्जन के प्रकरणों की जानकारी हर सप्ताह टीएल बैठक में प्रस्तुत करें जिससे इनका समय पर निराकरण किया जा सके. सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए तय समय सीमा में निर्माण पूरा कराएं. बैठक में कलेक्टर ने कहा कि रीवा जिला दुर्घटना संवेदनशील 6 जिलों में शामिल है. सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल उचित प्रबंध करें. रीवा-मनगवां रोड तथा मनगवां से चाकघाट तक हाइवे पर अवैध रूप से बनाए गए कट्स बंद कराएं. इन सड़कों पर अवैध निर्माण तथा अतिक्रमण को संबंधित एसडीएम के सहयोग से दूर कराएं. कलवारी मोड़ तथा गढ़ में ढावों के समीप वाहनों के सड़क पर खड़े होने से कई दुर्घटनाएं हुई हैं. इन स्थानों में उचित साइनबोर्ड लगाएं तथा वाहनों को सड़क पर खड़ा करने वालों पर जुर्माने की कार्यवाही करें. सोहागी घाट में सड़क सुधार का कार्य तत्काल शुरू कराएं. बेला-सिलपरा रिंग रोड तथा रीवा बायपास सड़क का निर्माण भी तय सीमा में सुनिश्चित करें. कार्यपालन यंत्री सेतु मनगवां ओवरब्रिज में जलभराव और सड़क क्षतिग्रस्त होने के संबंध में रिपोर्ट तैयार करें. साथ ही इसमें सड़क सुधार का कार्य तत्काल कराएं. बैठक में कलेक्टर ने बदवार-सीतापुर मार्ग, रतहरा से चोरहटा मॉडल रोड, सिरमौर से डभौरा प्रस्तावित सड़क निर्माण तथा रीवा-सीधी फोरलेन सड़क निर्माण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए. बैठक में कार्यपालन यंत्री एनएच पीडब्ल्यूडी अनामिका सिंह ने बताया कि डभौरा से सिरमौर सड़क में टेण्डर की कार्यवाही की जा रही है. इसकी लागत 311 करोड़ है. अक्टूबर माह से इसका निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा. कार्यपालन यंत्री सड़क विकास निगम विनोद तंतुवाय ने बताया कि सोहागी घाट में सुधार के लिए टेण्डर की कार्यवाही की जा रही है. अक्टूबर के प्रथम सप्ताह से यहाँ कार्य शुरू हो जाएगा. कलवारी मोड़ में सुरक्षा के उपाय करने के साथ-साथ यहाँ ओवर ब्रिज निर्माण का प्रस्ताव भी तैयार किया जा रहा है. बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग मौजूद रहे.



# उप मुख्यमंत्री ने रीवा और सागर संभाग के सड़क निर्माण की समीक्षा की

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 अगस्त, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में रीवा और सागर संभाग के सड़क निर्माण की समीक्षा की.**

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा-शहडोल मार्ग पर छुहिया घाटी में सुरंग निर्माण के लिए डी.पी.आर. तैयार करने, रीवा जिले के ढेकहा तिराहे पर प्रस्तावित जंक्शन और चौराहा निर्माण कार्य (अनुमानित लागत 7.8 करोड़ रुपए), जो क्षेत्रीय यातायात और सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, को प्रस्ताव में शामिल करने के लिए कहा. इसके साथ ही रीवा-बनकुइया मार्ग (34 किमी अनुमानित लागत 178 करोड़ रुपए) के टू-लेन विथ पेव्ड शोल्डर उन्नयन एवं निर्माण कार्य और रीवा-बीड़ा सेमरिया मार्ग (गुदहा से सेमरिया, 15 किमी, 78.75 करोड़ रुपए) के कार्य को प्रस्ताव में शामिल कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अजगरहा इटहा मोड़ से दुवहा बहुरी बांध तक 14.10 किमी लम्बे पहुँच मार्ग के निर्माण हेतु शेष राशि की प्रशासनिक स्वीकृति एवं आवंटन के लिए आवश्यक कार्यवाही शीघ्र करने के लिए कहा. इसके साथ ही रीवा जिले के रौसर चौराहे से कुठुलिया मार्ग पर बीहर नदी में जलमग्नीय पुल निर्माण की लागत भू-अर्जन और पहुँचमार्ग की लंबाई बढ़ने से पहुँचमार्ग के शेष निर्माण के लिये पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति की कार्यवाही शीघ्र करने के लिए कहा. उन्होंने रीवा से सीधी 4-लेन सड़क निर्माण, उमरिया से शहडोल टू-लेन सड़क, सागर बायपास, सागर-दमोह-कटनी, सागर से सतना और रीवा बायपास के कार्य की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की. प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग सुखवीर सिंह, एमडी एमपीआरडीसी उपस्थित रहे.

## संक्षिप्त

### सीमांकन के लिए पैसे मांगते पटवारी का वीडियो वायरल

**हनुमना,** लोकायुक्त द्वारा कितने भी ट्रैप कार्रवाई हो जाए पर भ्रष्टाचारी अधिकारी कर्मचारी अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे हैं. ऐसा मामला मऊगंज जिले के हनुमना हल्का पटवारी किरण मिश्रा का सामने आया है. सोशल मीडिया पर हो रहे वायरल वीडियो में पटवारी किरण मिश्रा काश्तकार से 10000 की खुलकर मांग कर रही हैं की 10000 दे दो तीन दिन के अंदर आपका सीमांकन का कागज आपको मिल जाएगा एवं नपाई के लिए राजस्व निरीक्षक द्वारा पूर्व से ही 3000 लिया गया. भ्रष्टाचारी पटवारी पैसे के लिए जमीन के सही तर्मिन सीमांकन को गलत और गलत तर्मिन सीमांकन को सही बनाने में माहिर होते हैं. यह भ्रष्ट पटवारी अपनी कलम के ताकत से गरीब काश्तकारों को अगर पैसे देने में असमर्थ है तो वह उनके ऑफिस और तहसील के चक्कर लगाते-लगाते उनके पैरों के जूते घिस जाते हैं. वीडियो वायरल होने के बाद से लोगो में आक्रोश बढ़ता जा रहा है. क्षेत्रीय नागरिकों ने तत्काल पटवारी को निलंबित करने की मांग मऊगंज कलेक्टर से की है.

### मुख्यमंत्री का भ्रमण प्रस्तावित तैयारी बैठक आज

**रीवा,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मऊगंज जिले का 7 सितंबर का भ्रमण प्रस्तावित है. मुख्यमंत्री जी के भ्रमण की तैयारियों के संबंध में कलेक्ट्रेट के सभागार में 22 अगस्त को सुबह 11.30 बजे बैठक का आयोजन किया गया है. बैठक में विधायक भी उपस्थित रहेंगे. कलेक्टर संजय कुमार जैन ने सभी कार्यालय प्रमुखों को विभाग अन्तर्गत भूमिपूजन, लोकार्पण एवं निर्माणाधीन कार्यों व विभागीय योजनाओं की अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थिति के निर्देश दिये हैं.

### कृषि विकास की समीक्षा आज

**रीवा,** मध्यप्रदेश विधानसभा की कृषि विकास समिति रीवा जिले का दो दिवसीय दौरा कर रही है. समिति के सभापति विधायक दिलीप सिंह परिहार हैं. समिति में 10 अन्य विधायक शामिल हैं. कृषि विकास समिति 22 अगस्त को कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में दोपहर 2 बजे से आयोजित बैठक में जिले में कृषि तथा उससे जुड़े विभागों की योजनाओं की समीक्षा करेगी. सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं.

### राहवीर योजना के संबंध में आज बैठक का आयोजन

**रीवा,** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 22 अगस्त को दोपहर 12.30 बजे राहवीर योजना की समीक्षा करेंगी. कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं.

### समाधान ऑनलाइन 28 को

**रीवा,** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 28 अगस्त को आयोजित समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में आवेदनों की सुनवाई करेंगे. वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट और कमिश्नर कार्यालय के एनआईसी केन्द्र में आरंभ होगा. संभी संबंधित अधिकारियों को इसमें उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं.

### जिला शांति समिति की बैठक आज

**रीवा,** गणेश चतुर्थी एवं ईद मिलाद-उन-नवी त्योहार को शांति पूर्वक मनाने एवं त्योहारों में की जाने वाली व्यवस्थाओं के उद्देश्य से जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 22 अगस्त को कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में शाम 5 बजे से आयोजित की गई है. समिति के सदस्यों से बैठक में उपस्थिति की अपेक्षा की गई है.

### एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर विचार संगोष्ठी आज

**रीवा,** 22 अगस्त को दोपहर 12 बजे शहर के जेएनसीटी कॉलेज, रतहरा में एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर एक वृहद संगोष्ठी आयोजित की गई है. इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला उपस्थित रहेंगे. मुख्य वक्ता के रूप में रीवा संसदीय क्षेत्र के सांसद जनार्दन मिश्रा रहेंगे. जबकि अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता करेंगे. इस संगोष्ठी में रीवा संसदीय क्षेत्र के समस्त विधायकगण, जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व विधायक व जिले के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे.

### समाजवादी पार्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**हनुमना,** मंगलवार को मऊगंज जिले के ज्वलंत मुद्दों को लेकर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट अनूप यादव एवं समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव राकेश कुमार ने कलेक्टर संजय कुमार जैन से मुलाकात कर कहा कि पूरे जिले में आवारा पशुओं ने किसानों की फसल को चौपट कर दिया है. जिससे किसान बर्बाद हो रहा है दूसरी ओर सड़कों में बड़ी संख्या में घूम रहे आवारा पशुओं से सड़क हादसे हो रहे है. जिससे लोग भी मर रहे हैं और पशु भी, अत: 2 माह के अंदर इन आवारा पशुओं की समुचित व्यवस्था की जाय. उपरोक्त दिनांक तक अगर प्रशासन पशुओं की समुचित व्यवस्था नहीं करता तो समाजवादी पार्टी के लोग पशुओं को कलेक्ट्रेट परिसर में बेंडने और कलेक्ट्रेट घेरने के लिए बाध्य होंगे. श्री यादव ने पूरे जिले में यूरिया खाद की किल्लत पर किसानों को समय से यूरिया खाद उपलब्ध कराने वा खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाने की बात कही. ज्ञापन देने में राकेश कुमार सकते सरपंच बावनगढ़, अच्छे लाल यादव, राज यादव, राजेन्द्र यादव, रहीश खान आदि शामिल रहे.

# जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी बिछिया कमेटी का गठन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 अगस्त, जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी को लेकर बिछिया कमेटी का गठन कर दिया गया है.**

कमेटी गठन को लेकर बैठक में वाशिद खान ने ईद मिलादुन्नबी बिछिया रीवा कमेटी के अध्यक्ष पद हेतु माजिद खान के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसे सभी उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया. हाजी मास्टर सफीक खान साहब की सरपरस्ती तथा जामा मस्जिद बिछिया के सदर इस्लाम अहमद और मदरसा इस्लामिया के सदर वाइज खान कादरी की निगरानी में माजिद खान को जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी बिछिया रीवा कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया. इसके उपरांत उन्होंने कमेटी का गठन करते हुए पदाधिकारियों की घोषणा की. जिसमें सचिव इस्लाम अहमद गुड्डू, कोषाध्यक्ष लाइक खान, मीडिया प्रभारी अजहरूद्दीन खान अज्जू, उपाध्यक्ष मुख्तार खान, सहफ़ूज़ खान, जावेद खान, अब्दुल खान, राजू सलमान, सईद खान कादरी, तारिफ खान जानी, तौहीद खान, इनाम खान, सह सचिव- रौनक खान, सुहैल खान, समीम खान, तौसीफ खान, वैश खान, गुड्डू खान, जैद खान, अकीउल्ला खान, अरमान खान, प्रिंसू खान, लल्ला खान शामिल हैं. सभी ने संकल्प लिया कि आगामी 05 सितम्बर को जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी को ऐतिहासिक रूप से मनाया जाएगा. इस दिन भव्य जुलूस-ए-मोहम्मदी, नात-ए-शरीफ़, तक़रीरें तथा सामाजिक कार्यक्रम आयोजित होंगे. जिसकी तैयारी शुरू कर दी गई है.



# मारपीट मामले में विंध्य पूर्व सैनिक कल्याण संगठन ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 21 अगस्त, विंध्य पूर्व सैनिक कल्याण संगठन मऊगंज मध्य प्रदेश ने सेना के जवान के साथ मेरठ टोल प्लाज़ा मे मारपीट को घटना को लेकर आक्रोश व्यक्त करते हुए राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन को ज्ञापन सौपा.**

श्रीनगर में तैनात मेरठ के ग्राम गुटका निवासी फौजी कपिल पुत्र कृष्ण पाल की श्रीनगर के लिए सुबह फ्लाइट थी. जिन्हें रास्ते में करनाल मेरठ हाईवे पर टोल प्लाजा पर आई कार्ड दिखाने के बावजूद भी टोल प्लाजा के कर्मियों ने गुंडागर्दी दिखाते हुए पोल में बांधकर बुरी तरह लाठियां से मारा, जिसकी वजह से सेवारत सैनिक कपिल को गंभीर चोटें आई. विंध्य पूर्व सैनिक संगठन ने मांग पत्र में कहा है कि राष्ट्रपति तीनों सेना की सुप्रीम कमांडर हैं. रोजाना समूचे भारत के टोल प्लाजा में सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों के साथ बदसलूकी एवं मारपीट की जाती हैं, उक्त पूर्व सैनिक संगठन रीवा में स्थित हैं जिसके समीप मऊगंज से प्रयागराज मार्ग पर स्थित जोगिनिहाई टोल प्लाजा में भी आए दिन सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों से बदसलूकी एवं मारपीट के प्रकरण देखे गए हैं जो कि निंदनीय है. टोल प्लाजा जहां पर सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों से बदतमीजी एवं मारपीट की जाती है उन सभी का रजिस्ट्रेशन रद्द किया जाए साथ ही गुंडो के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा की धाराओं में सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए.

### जिले में अब तक 672.9 मिली मीटर वर्षा

**रीवा, 21 अगस्त,** जिले में एक जून से अब तक 672 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है. एक जून से अब तक तहसील हुजूर में 908.8 मिली मीटर, रायपुर कर्चुलियान में 665.5 मिली मीटर, गुढ़ में 970 मिली मीटर, सिरमौर में 589.8 मिली मीटर, त्योंथर में 559 मिली मीटर, सेमरिया में 618 मिली मीटर, मनगवां में 620 मिली मीटर तथा जवा में 452 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज गयी. गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 373.2 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गयी थी.

# ट्रक जब्त कर किसानों को वितरित की गई यूरिया खाद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 अगस्त, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर जिले में निजी विक्रेताओं के यहां से अधिकारियों कर्मचारियों की निगरानी में खाद का विक्रय कराया जा रहा है.**



एसडीएम मनगवां संजय कुमार जैन द्वारा गतदिवस मनिकवार में खाद विक्रेता पवन गुप्ता का यूरिया से भरा ट्रक पकड़कर सड़क के किनारे ही किसानों को खाद का विक्रय कराया गया. इसी प्रकार मनिकवार में एक घर में अवैध खाद के भण्डारण की सूचना पर घर को सील किया गया. आनलाइन स्टाक का भौतिक सत्यापन के मिलान न होने पर संतोष ट्रेडर्स विड़वा को सील किया गया. जिले में खाद विक्रेताओं की दूकानों की जांच व खाद की उपलब्धता की जांच अधिकारियों द्वारा की जा रही है.

# कार्यवाही के विरोध में निगम आयुक्त से मिला व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 अगस्त, विंध्य व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष नरेश काली के नेतृत्व में सब्जी मंडी व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल नगर निगम आयुक्त से मिला.**



अतिक्रमण प्रभारी द्वारा व्यापारियों को नोटिस भेजकर परेशान किया जा रहा था कई जगह पर अतिक्रमण न होकर भी व्यवस्थित बाज़ार के व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है. व्यापारियों द्वारा जानकारी दी गई सबसे पुराना व्यवस्थित बाज़ार जिसमें न मोटर साइकिल जा सकती न कार वहां पर व्यापारियों को अतिक्रमण के नाम पर टीन शैड हटाने और व्यवस्थित बाजारों में चालान काटने नाम पर परेशान किया जा रहा. आयुक्त ने सभी समस्याओं को ध्यान से सुना एवं साथ में पथ भ्रमण कर समस्या का हल निकालने का आश्वासन दिया साथ ही साथ नगर निगम क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने की अपील भी की. इस दौरान पप्पू मंजानी, नरेश काली, अमित माखीजा, मुकेश ठारवानी, विनोद पठान, पप्पू नायक, सुनील रामचंदानी, श्याम वाधवानी, लोकु मोटवानी, रमेश चौरसिया, आसिफ खान, संजय कचेर, मोनू रामचंदानी, राजू खान, जमील खान, प्रकाश सोनी, राजू चौरसिया आदि मौजूद रहे.

# शहर में मूर्ति स्थापना स्थल का महापौर ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 अगस्त, नगर निगम रीवा द्वारा शहर में महापुरुषों की स्मृति को चिरस्थायी बनाने हेतु विभिन्न स्थानों पर मूर्तियों की स्थापना की जानी है.**



इसी क्रम में महापौर अजय मिश्रा ने पद्मधर पार्क एवं पुलिस लाइन चौक का भ्रमण कर मूर्ति स्थापना स्थल का निरीक्षण किया. पद्मधर पार्क में शहीद लाल पद्मधर सिंह की प्रतिमा तथा पुलिस लाइन चैक में श्रीयुत श्रीनिवास तिवारी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी. निरीक्षण के दौरान महापौर ने स्थल जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी तैयारियां समय सीमा में पूर्ण किया जाए. महापौर ने कहा कि शहर में स्थापित की जा रही प्रतिमाएं न केवल हमारे महापुरुषों के महान योगदान को स्मरण कराएंगी बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनेंगी.

निगम द्वारा शीघ्र ही दोनों महापुरुषों की प्रतिमाओं का अनावरण किया जाएगा. जिसको लेकर तैयारी चल रही है. गौरतलब है कि शहर में महापुरूषो की मूर्ति स्थापना को लेकर लोगो द्वारा पहले भी मांग की जाती रही है.

# जश्न-ए-ईद मीलादुन्नबी की तैयारी बैठक 24 को

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 अगस्त, हज़रत मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की दुनिया में तशरीफ़ आवरी के मुबारक मौके पर मनाया जाने वाला त्यौहार जश्न-ए-ईद मीलादुन्नबी जोशो-खरोश, अकीदतमंदी और शान-ओ-शौकत के साथ मनाया जाएगा.**

वक्फ अंजुमन इस्लामिया स्कूल, घोघर, रीवा के अध्यक्ष आफताब आलम एडवोकेट ने बताया कि जश्न-ए-ईद मीलादुन्नबी के सिलसिले में तैयारी बैठक का एहतमाम 24 अगस्त रविवार, प्रातः 10:30 बजे स्कूल के सेंट्रल हाल में किया गया है. इस बैठक में जलसा-ए-मीलाद एवं जुलूस-ए-मोहम्मदी के सफल आयोजन हेतु संचालन समिति का गठन किया जाएगा. सभी अकीदतमंदों, जिम्मेदारान और मोहब्बत-ए-रसूल रखने वाले लोगों से अपील की गई है कि वे उक्त बैठक में समय पर शिरकत कर आयोजन को कामयाब बनाने में अपना योगदान दें.

# प्रांतीय महिला स्व सहायता समूह की बहनों ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 21 अगस्त, प्रांतीय महिला स्व सहायता समूह महासंघ की बहनों ने प्रदेश अध्यक्ष सरिता ओमप्रकाश सिंह बघेल के निर्देशन में बुधवार को मऊगंज कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा.**

ज्ञापन सौंपने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रीवा संभाग प्रभारी उमाशंकर शुक्ला एवं मऊगंज जिला अध्यक्ष डॉ. राकेश त्रिपाठी ने किया. स्व सहायता समूह की बहनों ने बताया कि बीते चार माह से भुगतान नहीं मिलने के कारण वे आर्थिक संकट से जूझ रही हैं. इस वजह से उन्होंने चूल्हा बंद हड़ताल शुरू कर दी है. इस दौरान रीवा जिला अध्यक्ष गीता त्रिपाठी, मऊगंज एवं हनुमना ब्लॉक अध्यक्ष उपस्थित रहीं.

# पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जन्म जयंती मनाई गई

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 21 अगस्त, कांग्रेस पार्टी के द्वारा मऊगंज विधानसभा के हनुमना में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई.**



राजीव गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया वहीं उनके बताए हुए मार्ग में चलने के लिए संकल्प लिया गया. पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना के दिशा निर्देश पर हनुमना में कार्यक्रम आयोजित किया गया. जहां कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिलाल कोल मौजूद रहे. इस दौरान जहा जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि उमाकेश पटेल, मानस तिवारी युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष, अमृतलाल शुक्ला, विमला शुक्ला सरपंच मंडलम अध्यक्ष दिनकर राल्ही, शिवलाल साकेत, विद्यानिवास मिश्र, गुड्डू सिंह पतुलखी, हिंचलाल पटेल, आशीष तिवारी, राजन सिंह, बसंतलाल आदि मौजूद रहे.